[प्र. क्र. 327] [23/2/2021]

## विधानसभा अतारांकित प्रश्न क. 327 द्वारा श्री अनिल जैन

**प्रशनांश ''क'' ''ख'' ''ग'' हेतु** **प्रपत्र ''अ''**

| स.क. | विधानसभा क्षेत्र का नाम | मार्ग का नाम | लंबाई (कि.मी. में) | | प्रशासकीय स्वीकृति | | कार्य प्रारंभ करने का दिनांक | कार्य पूर्ण करने का दिनांक | पूर्ण की गई लंबाई | शेष लंबाई | गुणवत्ता की जांचकर्ता अधिकारी | मार्ग में अतिक्रमण के भाग की लंबाई | अतिक्रमण हटाने के लिये की गई कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | वास्तविक | राशि (लाख में) | दिनांक | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | निवाडी | घुघुवा यू.पी. सीमा से निवाडी अम्बेडकर चौराहा तक मार्ग | 4.60 | 3.90 | 370.44 | 05.04.16 | 18.10.2016 | 06.04.2018 | 3.75 | 0.15 | उपयंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री एवं अधीक्षण यंत्री | 0.15 | 1—अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. निवाडी द्वारा अपने पत्र क. 791—12 दिनांक 28.11.16 द्वारा सीमांकन हेतु पत्र लिखा गया<br>2— कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. टीकमगढ के पत्र क. 2286 दि. 04. 10.2017 के द्वारा नगरीय भाग में कार्य किये जाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद निवाडी को पत्र लिखा, अनापत्ति आज भी अपेक्षित है। |

परिशिष्ट – 1

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग टीकमगढ

क्र0 /आ0नि0 / दिनांक.....................

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद निवाडी

विषय– अम्बेडकर चौराहा से घुघुवा उ0प्र0 सीमा तक सडक निर्माण कार्य में आपके अधिनस्त वार्ड क्र0 9 से गुजरने वाली सीमा में कार्य कराये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बावत्।

संदर्भः– 1–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 1096 दिनांक 24.5.2017
2–अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग निवाडी का पत्र क्रमांक 271दिनांक 6.05 2017

———————00———————

उपरोक्त विषयान्तगत लेख कि अम्बेडकर चौराहा से घुघुवा उ0प्र0 की सीमा तक निर्माण कार्य अनुबंध क्रमांक 10/16–17 के अन्तर्गत ठेकेदार मैं. अनुज तिवारी द्वारा संपादित किया जा रहा हैं उक्त मार्ग वार्ड क्रमांक 9 से गुजरता है जो कि आपके अधीनस्त हैं अतः इस भाग में अनुबंधानुसार निवाडी वस्ती में पोहा रोड से मस्जिद के पीछे मिलन चौराहा तक नवीन सडक का निर्माण कार्य कराया जाना है। इस भाग के निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र देने हेतु संदर्भित पत्रों द्वारा आपकों लेख किया गया है। परन्तु आज दिनाक तक अनापत्ति प्रमाण पत्र आपेक्षित हैं। जिससे उस मार्ग का निर्माण कार्य संपादित नही हो पा रहा हैं एव ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए दी गई अनुबंध की अवधि भी समाप्त हो चुकी हैं जिसके कारण ठेकेदार द्वारा यथा स्थिति में अंतिम देयक का निराकरण हेतु लेख किया जा रहा हैं । अतः आप से पुनः निवेदन हैं कि उक्त पोर्सन (भाग) का अनापत्ति प्रमाण पत्र 7 दिवस में जारी करने का कष्ट करे जिससे अनुबंधित कार्य पूर्ण कराया जा सके अनापत्ति प्रमाण पत्र आप्राप्त होने की स्थिति में कार्य को यथा स्थिति में फाइनल कर अंतिम देयक का भुगतान करने की कार्यवाही की जायेगी।

(हस्ताक्षर)
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ

पृ0 क्र0 2286 /आ0नि0 / दिनांक 4-10-2017
प्रतिलिपिः–

1–श्री मान कलेक्टर महोदय टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ।

2–अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की ओर सूचनार्थ।

3–अनुविभागीय अधिकारी लो0नि0वि0 निवाडी की ओर लेख हैं कि आप मुख्य नगरपालिका अधिकारी से संपर्क कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करें। समय सीमा में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने की स्थिति उक्त कार्य को यथा स्थिति में फाइनल कर अंतिम देयक प्रस्तुत करें।

(हस्ताक्षर)
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ

परिशिष्ट – 2

# कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग–निवाड़ी
## जिला–टीकमगढ़(म0प्र0)

क्रमांक 791-92 /अनु0लि0/ दिनांक 28.11.16

प्रति,

तहसीलदार निवाड़ी

विषयः–योजना मद में स्वीकृत घुघुवा उ0प्र0 सड़क सीमा से अम्बेडकर चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण की जानकारी के संबंध मे।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि योजना मद में स्वीकृत घुघुवा उ0प्र0 सीमा से अम्बेडकर चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य लंबाई 4.60 किमी0 कार्य कराया जाना है। अतः प्राथमिकता के आधार पर सड़क सीमा कुल 10.00 मीटर चौड़ाई (सड़क मध्य से 5.00मी0 दोनों तरफ) में शहरी क्षेत्र का सीमांकन करान का कष्ट करें जिससे मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके।

अनुविभागीय अधिकारी
लो0नि0वि0उपसंभाग–निवाड़ी

पृ0क्रमांक 791-92 /अनु0लि0/ दिनांक 28.11.16

प्रतिलिपिः–(1)कार्यपालन यंत्री लो0नि0वि0संभाग–टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

(2)अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) निवाड़ी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

(3) मुख्यनगरपालिका अधिकारी नगर परिषद निवाडी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(4)श्री पी0के0जड़िया उपयंत्री निवाड़ी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

अनुविभागीय अधिकारी
लो0नि0वि0उपसंभाग–निवाडी